# जवाहर कला केन्द्र, जयपुर

जे.एल.एन.मार्ग जयपुर–302004

## ई–निविदा दस्तावेज

जवाहर कला केन्द्र द्वारा समय–समय पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों मे बैनर, फ्लेक्स, प्रिन्टिंग मेटेरियल, विज्ञापन आदि के डिजाईन एवं प्रिन्टिंग कर विज्ञापन के कार्य हेतु दर अनुबंध।

ई–निविदा सूचना संख्या 1513 /2025–26

# ई–निविदा सूचना संख्या /2025–26

जवाहर कला केन्द्र द्वारा समय–समय पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों मे बैनर, फ्लेक्स, प्रिन्टिंग मेटेरियल, विज्ञापन आदि के डिजाईन कार्य एवं प्रिन्टिंग कर विज्ञापन के कार्य हेतु निर्माताओं, अधिकृत डीलरों तथा संबंधित व्यवसाय कर रहें व्यवहारियों से दो लिफाफा पद्धति दर संविदा हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. सं. | बोली संख्या | /2025–26 |
|---|---|---|
| 1 | उपापन अधिकारी | महानिदेशक, जवाहर कला केन्द्र, जयपुर |
| 2 | बोली का संक्षिप्त विवरण | जवाहर कला केन्द्र द्वारा समय–समय पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों मे बैनर, फ्लेक्स, प्रिन्टिंग मेटेरियल, विज्ञापन आदि के डिजाईन कार्य एवं प्रिन्टिंग कर विज्ञापन के कार्य हेतु। |
| 3 | बोली की अनुमानित लागत | रूपये 47.00 लाख (मय जी.एस.टी.) |
| 4 | बोली का प्रकार | ई–निविदा द्वारा दर संविदा |
| 5 | बोली विक्रय (क्यूदसवंक) प्रारंभ करने की दिनांक एवं समय | दिनांक 13/04/26 ~~अपरान्ह~~ ~~बजे~~ **(Can be downloaded from http://sppp.raj.nic.in & jkk.artandculture.rajasthan.gov.in)** **http://eproc.rajasthan.gov.in** |
| 6 | बोली प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक | दिनांक अपरान्ह बजे |
| 7 | बोली प्रपत्र की कीमत | रूपये 1,000/– डी.डी./बैंकर्स चैक अतिरिक्त महानिदे ाक, जवाहर कला केन्द्र, जयपुर के नाम से देय होगा। इसे बोली प्रपत्र के साथ संलग्न कर जमा करना अनिवार्य है। |
| 8 | बोली प्रोसेसिंग फीस | बोली प्रोसेसिंग फीस राशि रूपये 500 /- (Rupees Five Hundred Only) डी.डी./बैंकर्स चैक के रूप में "MD, RISL Jaipur" payable at "Jaipur" जमा करना अनिवार्य है। |
| 9 | बोली प्रतिभूति (Bid Security) | लागत राशि का 2 प्रतिशत राशि रूपये 94,000/– डी.डी./बैंकर्स चैक/एफ.डी.आर अतिरिक्त महानिदेशक, जवाहर कला केन्द्र, जयपुर के नाम से देय होगा। इसे बोली प्रपत्र के साथ संलग्न कर जमा करना अनिवार्य है। |
| 10 | बोली शुल्क, बोली प्रोसेसिंग फीस एवं बोली प्रतिभूति जमा कराने की दिनांक | दिनांक 23/04/26 को अपरान्ह 02.00 बजे |
| 11 | तकनीकी बोली खोलने की दिनांक | दिनांक 23/04/26 को अपरान्ह 03.00 बजे |
| 12 | वित्तीय बोली खोलने की दिनांक व समय | तकनीकी बोली में सफल बोली दाताओं को सूचित किया जाएगा। |
| 13 | बोली शुल्क जमा कराने/खोलने का स्थान :– | जवाहर कला केन्द्र, जयपुर। जे.एल.एन.मार्ग जयपुर–302004 |
| 14 | बोली की वैद्यता अवधि | वित्तिय बोली खोलने की तिथि से 90 दिवस |

| | | |
|---|---|---|
| 15 | अनुबंध अवधि | कार्य आदेश दिये जाने से 2 वर्ष तक |
| 16 | आपूर्ति अवधि | आपूर्ति आदेश दिये जाने बैनर/फ्लेक्स प्रिन्टिग से संबंधित कार्य कार्यक्रम तिथि से 2 दिवस पहले अथवा निर्देशानुसार निर्धारित स्थान पर लगाया जाना अनिवार्य होगा। |
| 17 | बोली हेतु अधिकृत अधिकारी | अतिरिक्त महानिदेशक, जवाहर कला केन्द्र, जयपुर। |

1. बोली दाता, बोली दस्तावेज में उल्लेखित निर्धारित समयावधि में जवाहर कला केन्द्र, जयपुर के स्टोर अनुभाग से बोली शुल्क जमा करवाकर बोली प्रपत्र प्राप्त कर सकते है, या स्वयं जवाहर कला केन्द्र की वेबसाइट से डाउनलोड करने की स्थिति में बोली शुल्क जरिये डिमाण्ड ड्राफ्ट (अतिरिक्त महानिदेशक, जवाहर कला केन्द्र, जयपुर) जमा कराना होगा। बोली शुल्क, प्रोसेसिंग शुल्क व बोली प्रतिभूति राशि के अभाव में बोली दाता को तकनीकी रूप से असफल माना जायेगा व उनकी वित्तीय बोली स्वीकार नहीं की जायेगी। उक्त कार्य के संबंध में किसी प्रकार की सूचना एवं स्पष्टीकरण हेतु किसी भी कार्य दिवस में इस कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।
2. बोली प्रस्ताव पूर्ण रुप से भरा हुआ मय हस्ताक्षर एवं संलग्नों के साथ उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि तक इस कार्यालय के सहायक अभियन्ता के कक्ष में रखे सीलबंद बॉक्स में निर्धारित समय एवं तिथि पर जमा करावें। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त बिड बिना किसी विचार के निरस्त कर दी जावेगीं। बोली प्राप्त होने में हुई देरी के लिये विभाग किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होगा।

अतिरिक्त महानिदेशक
जवाहर कला केन्द्र, जपयुर

Signature Not Verified

Digitally signed by Anuradha Gogi
Designation : Additional Director General
Date: 2026.04.13 13:32:51 IST

RajKaj Ref No.: 21559577

eSign 1.0

Scanned with CamScanner

# भाग –1

## बोली की मुख्य शर्तें

***Important Instructios: The Law relating to procurement "The Rajasthan Transparency in Public Procurement Act. 2012" (hereinafter called the Act) and the "Rajasthan Transparency Public Procurement Rules, 2013" (hereinafter called the Rules) under the said Act have come into force which is available on the website of Sate Public Procurement Portal http://sppp.rajasthan.ov.in Therefore, the Bidders are advised to acquaint themselves with the provisions of the Act and the Rules before participating in the bidding process. If there is any discrepancy between the provisions of the Act and the Rules and this Bidding Document, the provisions of the Act and the Rules shall prevail.***

1. **शुल्क :–**

   i. बोली प्रपत्र शुल्क एवं बोली प्रतिभूति राशि पृथक–पृथक डी.डी./बैंकर्स चैक अतिरिक्त महानिदेशक, जवाहर कला केन्द्र, जयपुर के नाम से एवं प्रोसेसिंग शुल्क एम.डी.आर.आई.एस. एल. जयपुर के नाम से देय होगा। इसे बोली प्रपत्र के साथ संलग्न कर जमा करना अनिवार्य है।

   ii. इसके अभाव में बोली निरस्त कर दी जावेगी। बोली प्रपत्र शुल्क, प्रोसेसिंग शुल्क किसी भी परिस्थिति में नहीं लौटाया जायेगा।

   iii. शुल्क का विवरण निम्नानुसार हैः–

| शुल्क का विवरण | बोली शुल्क की राशि | विवरण |
|---|---|---|
| बोली प्रपत्र का शुल्क | 1,000/– | |
| बोली प्रोसेसिंग शुल्क | 500/– | |
| बोली प्रतिभूति राशि | 94,000/– | |

2. **बोलीदाता फर्म –** बैनर, फ्लेक्स, प्रिन्टिंग मेटेरियल, विज्ञापन आदि के डिजाईन कार्य एवं प्रिन्टिंग कर विज्ञापन के कार्य की आपूर्ति के संबंध में बोलियां संबंधित वस्तु के निर्माता अथवा निर्माता द्वारा वस्तु विशेष हेतु प्राधिकृत डीलर, प्राधिकृत प्रतिनिधि अथवा प्राधिकृत खुदरा विक्रेता द्वारा ही दी जायेगी। **फर्म के पार्टनरशिप/कम्पनी/ट्रस्ट आदि के गठन/पंजीकरण के संबंध में दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।** साझेदारी फर्म/कम्पनी की स्थिति में बोली एवं अनुबन्ध पत्र पर हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत प्रतिनिधि को अधिकृत करने संबंधी अधिकारी पत्र फर्म/कम्पनी द्वारा संलग्न किया जाए।

3. **पात्रता :–** बोलीदाता फर्म का गत तीन वित्तीय वर्षों यथा 2022–23, 2023–24, 2024–25 में औसत वार्षिक टर्न ऑवर राशि रूपये 25.00 लाख होना आवश्यक है। जिसके प्रमाण पत्र स्वरूप फर्म को चार्टेड अकाउन्टेंट द्वारा प्रमाणित (सी.ए. के पंजीयन संख्या एवं सील अंकित करते हुऐ) प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा एवं सम्बंधित वर्ष की इन्कम टैक्स रिटर्न की सी.ए. द्वारा सत्यापित प्रति प्रस्तुत करनी होगी।

4. अनुभवः–

i. बोलीदाता को बैनर, फ्लेक्स, प्रिन्टिंग मेटेरियल, विज्ञापन आदि के डिजाईन कार्य एवं प्रिन्टिंग कर विज्ञापन के कार्य की आपूर्ति के संबंध में किसी राजकीय विभाग/राजकीय उपकमों में गत तीन वित्तीय वर्षो यथा 2022–23, 2023–24, 2024–25 में किसी एक वर्ष में एक कार्यादेश/दर अनुबंध के अन्तर्गत कुल राशि रूपये 10,00,000/– या एक वर्ष में कुल (एक से अधिक कार्यादेश) राशि 15,00,000/– कार्य का अनुभव होना आवश्यक है। इस हेतु संबंधित विभाग द्वारा प्रमाण स्वरूप कार्य पूर्णता का संतोष जनक प्रमाण पत्र/भुगतान स्वीकृति आदेश/कार्यादेश/अनुबंध की प्रति बोली प्रपत्र के साथ प्रस्तुत करने होगें।

5. दस्तावेजः–

i. बोली के साथ बोलीदाता द्वारा वैद्य जी.एस.टी. पंजीयन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
ii. बोली के साथ पेन कार्ड की प्रति प्रस्तुत करनी होगी।
iii. बोली के साथ प्रस्तुत किये जाने वाले सभी वांछित दस्तावेज/प्रमाण पत्र बोली जमा कराने की अन्तिम तिथि तक वैद्य होना चाहिए।
iv. बोली के साथ प्रस्तुत किये जाने वाले समस्त दस्तावेजों की पृष्ठ संख्या अंकित किया जाना आवश्यक है।
v. निविदा प्रपत्र के सभी पृष्ठों पर बोलीदाता फर्म का सत्यापन किया जाना आवश्यक है।
vi. बोलीदाता द्वारा बोली की शर्तों को स्वीकार करने के प्रमाण स्वरूप इससे संबंधित परिशिष्ट सत्यापित कर निविदा के साथ प्रस्तुत करने होगे। यदि किसी बोलीदाता ने सशर्त बोली प्रस्तुत की है तो उसकी बोली निरस्त कर दी जायेगी।

6. **वैद्यता** :– बोली की वैद्यता अवधि वित्तीय निविदा खुलने की तिथि से 90 दिन तक मान्य होगी। बोली की वैद्यता अवधि में नियमानुसार एवं आवश्यकता होने पर वृद्धि की जा सकेगी।

7. **बोली हेतु स्पष्टीकरण** :– उक्त कार्य के संबंध में किसी प्रकार की सूचना एवं स्पष्टीकरण हेतु किसी भी कार्य दिवस में बोली जमा कराने की अन्तिम तिथि से पूर्व इस कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है अथवा लिखित में दिया जा सकता है। स्पष्टीकरणों के लिए समस्त अनुरोध व उनके जवाब समस्त बोली लगाने वालों को सूचित किये जायेगें एवं आवश्यक होने पर राज्य लोक उपापन पोर्टल में प्रकाशित किये जायेगें।

8. **बोली की प्रस्तुतीकरण की अन्तिम तिथि** :– बोली आमन्त्रण सूचना में विनिर्दिष्ट समय एवं तिथि के पश्चात् प्राप्त बोली को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

9. **बोलियों का खोला जाना** :– तकनीकी एवं वित्तीय बोली निर्धारित तिथि पर बोलीदाताओं या उनके प्राधिकृत व्यक्ति की उपस्थिति उपापन समिति द्वारा खोली जायेगी।

10. **बोली दस्तावेजों में परिवर्तन** :– बोली प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से पूर्व उपापन संस्था द्वारा शुद्धि–पत्र जारी कर बोली दस्तावेजों में नियमानुसार परिवर्तन किया जा सकता है। बोली दस्तावेज इसके लिए उपापन में यदि कोई परिवर्तन किया जाता है तो इसकी सूचना प्रसारित की जायेगी व संस्था द्वारा बोलीदाताओं को बोली प्रस्तुत करने/संशोधन के लिए पर्याप्त समय दिया जायेगा।

11. **बोलियों का मूल्यांकन** :– तकनीकी बोली का मूल्यांकन निविदा में निर्देशित किये गये दस्तावेजों के परिक्षण के आधार पर किया जायेगा। वित्तीय बोली का मूल्यांकन अथवा सफल निविदादाता का निर्धारण न्यूनतम बोली अथवा सबसे लाभप्रद बोली के आधार पर किया जायेगा। न्यूनतम निविदादाता का निर्धारण हेतु मापदण्ड वित्तीय बोली में अंकित किये गये हैं।

**12. सामान्य सूचना :–**

i. यदि राज्य से बाहर स्थित फर्म की दरें न्यूनतम आती है तो राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के नियम–66 एवं पूर्व प्रोक्योरमेंट ऑफ गुड्स (प्रीफरेन्स टू एमएसएमई ऑफ राजस्थान) नियम 2015 अधिसूचना दिनांक 19.11.2015 के बिन्दु संख्या 04 के अनुसार, राजस्थान राज्य के सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को मूल्य वरीयता प्रदान किये जाने का निर्णय लिया जा सकता है।

ii. विस्तृत शर्तों को जानने के लिए विभागीय बोली **परिशिष्ट – अ, ब, स, तथा annexure A, B, C, D** का सावधानी पूर्वक अध्ययन किया जा सकता है।

iii. बोलीदाता फर्म द्वारा मजबूत एवं पुष्ट आधार प्रस्तुत करने पर उपापन संस्था द्वारा प्रकरण विशेष में गुणावगुण के आधार पर उचित समझने पर अथवा किसी प्रक्रियात्मक त्रुटि के कारण प्रतिस्पर्धा बाधित होनी पाए जाने पर बोलीदाता से वांछित दस्तावेज एवं स्पष्टीकरण लिया जा सकता है।

iv. उपापन संस्था किसी भी बोली अथवा उसके भाग को किसी भी स्तर पर बिना कारण बताये अस्वीकार अथवा निरस्त कर सकती है।

v. सम्पूर्ण बोली प्रक्रिया पर राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम–2012 एवं राजस्थान लोक उपापन मे पारदर्शिता नियम–2013 तथा सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम एवं बोली दस्तावेज की शर्ते/प्रावधान लागू होंगे।

**13. प्रिन्टिंग कार्य हेतु विशेष शर्ते :–**

1. बैनर, फ्लेक्स, प्रिन्टिंग मेटेरियल, विज्ञापन आदि के डिजाईन कार्य :– केन्द्र में समय–समय पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों हेतु सामग्री निम्न गुणवत्ता अथवा स्पेसिफिकेशन के अनुरूप नहीं होने पर उस सामग्री को उपापन संस्था नियमानुसार अन्य निविदादाता से क्रय के लिए निर्णय हेतु सक्षम होगी एवं क्रय के लिए निविदत राशि एवं क्रय की गई सामग्री की अन्तर राशि संबंधित फर्म से नियमानुसार वसूल की जावेगी।
2. अंकित सामग्री/बैनर/फ्लेक्स प्रिंन्टिग मैटेरियल अवधि स्पेसिफिकेशन के अनुसार होगी, जिसकी समयावधि का प्रारम्भ कार्यक्रम तिथि से दो दिवस पहले प्रिंन्टिग कर लगाया जाना अनिवार्य होगा एवं निर्देशित स्थान पर करनी होगी।
3. बोली में अंकित बैनर, फ्लेक्स, प्रिन्टिंग मेटेरियल, विज्ञापन आदि के डिजाईन कार्य एवं प्रिन्टिंग के कार्य की आपूर्ति फर्म द्वारा जवाहर कला केन्द्र, जयपुर में किया जाना होगा। इस कार्यालय/विभाग द्वारा चाहे जाने पर जवाहर कला केन्द्र रूम में सफल बोलीदाता/फर्म को अपना कर्मचारी/प्रतिनिधि भिजवाकर उक्त बैनर/फ्लेक्स लगवाया जाना होगा। इस हेतु कार्यालय/विभाग द्वारा कोई अतिरिक्त भुगतान नही किया जावेगा।
4. सफल बोलीदाता/फर्म द्वारा बैनर, फ्लेक्स, प्रिन्टिंग मेटेरियल, विज्ञापन आदि के डिजाईन कार्य एवं प्रिन्टिंग के कार्य की आपूर्ति के लिए आवश्यक होने पर निर्देशित स्थान पर रखना होगा। विभाग द्वारा कोई अतिरिक्त राशि का भुगतान नही किया जावेगा।
5. सफल बोलीदाता/फर्म द्वारा आपूर्ति एवं स्थापित की गई बैनर, फ्लेक्स, प्रिन्टिंग मेटेरियल, विज्ञापन आदि के डिजाईन कार्य एवं प्रिन्टिंग के कार्य की आपूर्ति में किसी भी प्रकार की कमी होने अथवा या अथवा फटे हुए प्रिंन्टिग में कमी होने पर महानिदेशक/अतिरिक्त महानिदेशक, जवाहर कला केन्द्र, जयपुर की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

7. बैनर, फ्लेक्स, प्रिन्टिंग मेटेरियल, विज्ञापन आदि के डिजाईन कार्य एवं प्रिन्टिंग के कार्य की आपूर्ति में खराबी होने पर अथवा सर्विस के लिए कोई अतिरिक्त भुगतान विभाग द्वारा नही किया जावेगा।

14. **डिजाईनिंग कार्य हेतु शर्ते**

1. बोलीदाता द्वारा बैनर/फ्लैक्स, प्रिंटिंग मैटेरियल/विज्ञापन आदि की ग्राफिक डिजाईन का कार्य निर्देशानुसार करवायेंगे।
2. सैम्पल/डिजाईन/फोर्मेट/फाईल साईज केन्द्र के निर्देशानुसार उपलब्ध कराने होंगे।
3. डिजाईन किये गये कार्य का निर्देशित संशोधन उपरान्त अनुमोदन उपरान्त ही प्रिंटिंग करवाया जायेगा।

**निम्न तालिकानुसार डिजाईनिंग कार्य करने होंगे :–**

| क.सं. | कार्य का नाम |
|---|---|
| 1. | **बेनर फ्लैक्स का डिजाईन** |
| | ड्रॉपडाउन |
| | स्टेण्डी |
| | होर्डिंग |
| | सनबोर्ड (पार्किंग वीआईपी हाउसफुल इत्यादि) |
| | बैकड्रॉप |
| | फ्लेक्स डिजाईन (बस/ई–रिक्शा) |
| | गेट डिजाईन |
| 2. | **प्रिंटिंग मेटेरियल का डिजाईन** |
| | पोस्टर |
| | लिफ्लेट (6 फोल्ड) |
| | फ्लायर्स |
| | ब्रोशर/बुकलेट (36–40 पेज) |
| 3. | **ऑनलाईन मेटेरियल का डिजाईन** |
| | फ्लायर्स (दिनांक एवं शेड्यूल) |
| | बैनर (फेसबुक/इंस्टाग्राम इत्यादि) |
| | पोस्टर |
| 4. | **विज्ञापन का डिजाईन** |
| | चौथाई पेज विज्ञापन |
| | आधा पेज विज्ञापन |
| | पूरा पेज विज्ञापन |
| | पिज्ञापन एन. आई.टी. |
| 5. | **बैजेस डोरी डिजाईन सहित** |
| 6. | **सोविनियर डिजाईन** |
| 7. | **निमंत्रण पत्र मय लिफाफें** |
| 8. | **प्रमाण पत्र (सर्टिफिकेट)** |

15. सम्पूर्ण निविदा/बोली का ध्यान पूर्वक अध्ययन करने के बाद समस्त प्रपत्रों/परिशिष्टों/अनुलग्नकों को पूर्ण रूप से भरकर ही बोली प्रस्तुत की जावें।

16. निविदा से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेजों तथा बोली के समस्त प्रपत्रों की पूर्ति कर (पूर्ण रूप से भरकर) प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर (सील सहित) संलग्न किया जाना आवश्यक है।

17. फर्म को किसी भी विभाग में ब्लैक लिस्ट ना होने का शपथ-पत्र निविदा मे प्रस्तुत करना होगा।

18. बोली में अनावश्यक दस्तावेज संलग्न नहीं किये जाये। निविदा में चाहे गये दस्तावेज सुव्यवस्थित रूप से पृष्ठांकन करते हुए व बिड के प्रारम्भ में इंडेक्स बनाकर प्रस्तुत किये जाये।

19. उपरोक्तांकित शर्तों एवं विभागीय बोली **परिशिष्ठ-अ.ब.स. तथा annexure A, B, C, D** में उल्लेखित शर्तों के विपरीत कोई शर्त स्वीकार नहीं की जायेगी।

**अतिरिक्त महानिदेशक,**
**जवाहर कला केन्द्र, जयपुर**

Signature Not Verified

Digitally signed by Anuradha Gogi
Designation : Additional Director General
Date: 2026.04.13 13:32:51 IST



RajKaj Ref No.: 21559577

eSign 1.0

Scanned with CamScanner

## भाग–2

# बोली हेतु विशेष शर्ते

1. राजस्थान में स्थापित सूक्ष्म एवं लघु उद्यम हेतु आरक्षण माल की बोली प्रस्तुत करने के लिए राजस्थान राज्य में डिजाईन एवं प्रिन्टिंग कार्य हेतु पंजीकृत वे सूक्ष्म एवं लघु उद्यम ही पात्र होगें जिन्हें सूक्ष्म एवं लघु उद्यम के रूप में उद्यमिता ज्ञापन।। अभिस्वीकृति (EM-11) अथवा उद्योग आधार मेमोरेण्डम प्रस्तुत करना होगा। उक्त उद्यमियों पर सूक्ष्म एवं लघु उद्यमियों हेतु वित्त विभाग द्वारा RTPP-2013 नियम–33 के तहत जारी अधिसूचना दिनांक 19.11.2015 के समस्त प्रावधान लागू होंगे एवं अधिसूचना में निर्देशित शपथ पत्र या छूट हेतु निर्देशित वांछित दस्तावेज प्रस्तुत करने पर ही इसे माना जायेगा। इसके अभाव में बोली निरस्त की जा सकती है।

2. **बोली प्रतिभूति राशिः–**

   i. बोली प्रतिभूति राशि उपापन की विषय वस्तु के प्राक्कलित मूल्य का 2 प्रतिशत होगी। बोली हेतु लागत राशि रूपये 47.00 लाख का 2 प्रतिशत राशि रूपये 94,000/- जमा कराने होंगे। राजस्थान के डिजाईन एवं प्रिन्टिंग कार्य हेतु पंजिकृत लघु उद्योगो की स्थिति में यह प्रदाय के लिए प्रदत मात्रा का 0.5 प्रतिशत होगी और लघु उद्योगो से भिन्न रूग्ण उद्योगो की दशा में जिनके मामले औद्योगिकी एवं वित्त पुननिर्माण बोर्ड के समक्ष लंबित है यह बोली के मूल्य का 1 प्रतिशत होगी।

   ii. केन्द्र सरकार एवं राजस्थान सरकार के विभाग / उपक्रमों / कंपनी / बोर्ड को बोली प्रतिभूति राशि जमा करने की आवश्यकता नही है, किन्तु बोली प्रतिभूति के स्थान पर, राज्य सरकार के विभागों और सरकार के स्वामित्वाधीन या नियंत्रित या प्रबंधित उपक्रमों, निगमों, स्वायत्त निकायों, रजिस्ट्रीकृत सोसाइटियों, सहकारी सोसाइटियों और केन्दीय सरकार या राजस्थान सरकार के सरकारी उपक्रम और कम्पनियों से बोली प्रतिभूति घोषणा ली जायेगी।

   iii. राजस्थान राज्य के वह सूक्ष्म एवं लघु उद्यम जिन्हें उद्योग विभाग, राजस्थान, जयपुर द्वारा उद्यमिता ज्ञापन।। अभिस्वीकृति उद्योग आधार मेमोरेण्डम प्राप्त हो, के अतिरिक्त अन्य फर्मो को बोलियों के साथ बोली आमंत्रण सूचना में अंकित निर्धारित बोली प्रतिभूति राशि के लिए घोषणा पत्र मान्य स्वरूप में एवं निर्धारित तरीके से प्रस्तुत करना अनिवार्य है तथा वे उद्यम जिन्हें उद्यमिता ज्ञापन, अभिस्वीकृति अथवा उद्योग आधार मेमोरेण्डम प्राप्त है, के द्वारा बोली सूचना में अंकित बोली प्रतिभूति राशि की चौथाई राशि के लिए घोषणा पत्र बोली के साथ मान्य स्वरूप में एवं निर्धारित तरीके से प्रस्तुत करना अनिवार्य है राजस्थान राज्य में अभिस्वीकृति प्राप्त उद्यमों को बोली प्रतिभूति राशि में छूट तभी प्रदान की जा सकेगी जब उनके द्वारा राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के नियम 33 के तहत जारी अधिसूचना दिनांक 19.11.2015 के बिन्दु संख्या 11 की पालना सुनिश्चित की जावेगी। उपरोक्त अंकित प्रमाण पत्र बोली जारी होने की अन्तिम तिथि से पूर्व के जारी होने आवश्यक है। उक्त प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही बोली प्रतिभूति राशि में छूट प्रदान की जा सकेगी। उक्त दोनो प्रमाण पत्रों के अभाव में छूट का लाभ नही दिया जायेगा और निर्धारित बोली प्रतिभूति राशि के लिए घोषणा पत्र के अभाव में प्राप्त बोलियों पर विचार नहीं किया जावेगा। राजस्थान राज्य के सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को बोली प्रपत्र निर्धारित बोली प्रपत्र शुल्क के 50 प्रतिशत मूल्य पर उपलब्ध कराया जायेगा तथा प्रदायक फर्म द्वारा सूक्ष्म एवं लघु उद्यम के रूप में राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के नियम 33 के तहत जारी अधिसूचना दिनांक 19.11.2015 के बिन्दु संख्या 11 की पालना सुनिश्चित की जाएगी। बोलीदाता द्वारा राज्य सरकार के नोटिफिकेशन दिनांक 19.11.2015 के नियम 11 में अंकित **फार्म 'बी'** के अनुसार शपथ पत्र ऑनलाईन बोली के साथ उपलब्ध कराने होंगे। इसके अभाव में बोली निरस्त कर दी जावेगी।

iv. बोली प्रतिभूति का समपहरण बोली प्रतिभूति राशि का निम्नलिखित मामलों में समपहरण कर लिया जाऐगा।

(क) जब बोलीदाता बोली खुलने के बाद किन्तु बोली को स्वीकार करने से पूर्व अपने प्रस्ताव को वापस लेता है या उसमें रूपान्तरण करता है।

(ख) जब बोलीदाता विनिर्दिष्ट समय के भीतर करार निष्पादित नहीं करता है।

(ग) जब बोलीदाता बोली स्वीकृति की सूचना के पश्चात् कार्य सम्पादन प्रतिभूति जमा नहीं कराता है।

(घ) जब सफल बोलीदाता निर्धारित सप्लाई अवधि में सप्लाई प्रारम्भ नहीं करता।

(ड) यदि बोली लगाने वाला अधिनियन और इन नियमों के अध्याय 6 में विनिर्दिष्ट बोली लगाने वालों के लिए विहित सत्यनिष्ठा की संहिता के किसी उपबंध को भंग करता है।

अन्य शर्ते एवं प्रावधान आर.टी.पी.पी. नियम 2013 के नियम 42 के प्रावधानों के अनुसार लागू होगी।

**3. दरे :–**

i. बोली हेतु दर वित्तीय बोली परिशिष्ठ 'स' के अनुसार ऑनलाईन ई–प्रोक पर प्रस्तुत करनी होगी। किसी भी त्रुटि, शब्दों व अंकों में भिन्नता होने पर बोली निरस्त की दी जायेगी।

ii. बोली में दर अंकित करते समय GST दर सम्मिलित कर अंकित की जावे। टैक्स में रियायत मिली हुई है तो इस बात का स्पष्ट उल्लेख करे एवं इसका प्रमाण भी प्रस्तुत करे। यदि सरकार द्वारा GST में कालान्तर में बढ़ोतरी या कमी की जाती है तो उसी के अनुसार भुगतान किया जावेगा।

iii. बोली में दर अंकित करते समय किसी भी प्रकार की रिबेट/छूट घटाकर शुद्ध दरें ही दी जायें।

iv. सप्लाई के समय अग्रिम भुगतान की शर्त स्वीकार्य नहीं होगी। अतः बोली में दर अंकित करते समय अग्रिम भुगतान की शर्त नहीं दी जावे। यदि अग्रिम भुगतान की शर्त लाई जाती है तो ऐसी बोली को सशर्त बोली मानकर निरस्त कर दिया जाएगा।

v. बोली दरें खुलने के पश्चात् यदि कोई बोलीदाता अपने आप दर में कमी करता है तो वह प्रस्तावों में उपान्तरण माना जावेगा। जिसके कारण उसकी बोली निरस्त कर बोली प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जावेगी।

vi. बोलीदाता द्वारा वित्तीय बोली में अंकित पूर्ण मात्रा हेतु बोली दी जावेगी। बोली सूचना में अंकित मात्रा से कम मात्रा हेतु दी गई बोली मान्य नहीं होगी। जित्तके आधार पर बोली निरस्त कर दी जावेगी।

**4. स्पेसिफिकेशन :–**

i. प्रदाय की जाने वाली सभी वस्तुएं बोली एवं बोली शर्तों में वर्णित निर्धारित स्पेसिफिकेशन/मापदण्ड/सैंपल के पूर्णतया अनुरूप होगी। ऐसे मामलों में जहां कोई स्टैण्डर्ड या अनुमोदित नमूना या स्पेसिफिकेशन नहीं हो, उस स्थिति में सप्लायर द्वारा भारत में उपलब्ध अति उत्तम गुणवता एवं विवरण की वस्तु सप्लाई की जावेगी। प्रदाय की गई वस्तुओं की गुणवत्ता एवं स्पेसिफिकेशन के संबंध में अतिरिक्त महानिदेशक, जवाहर कला केन्द्र, जयपुर का निर्णय अंतिम होगा तथा लिया गया निर्णय बोलीदाताओं के लिए अंतिम एवं मान्य होगा।

ii. यदि प्रदाय की जाने वाली वस्तुएँ निर्धारित स्तर के अभाव में अस्वीकार कर दी जाती है तो अस्वीकृत माल के बदले निर्धारित स्तर की वस्तु देने की समस्त जिम्मेदारी बोलीदाता की होगी तथा बोलीदाता को अस्वीकृत किये माल के बदले निर्धारित स्तर का माल बिना अतिरिक्त कीमत के क्रय आदेश में निर्धारित सप्लाई अवधि में ही देना होगा।

iii. अस्वीकृत किया गया माल बोलीदाता द्वारा अस्वीकृति की सूचना के 07 दिवस के अन्दर विभागीय परिसर से वापिस ले जाना होगा। 07 दिवस के पश्चात विभागीय परिसर से माल नही ले जाने पर विभाग द्वारा निर्धारित भण्डारण व्यय बोलीदाता से वसूला जाएगा। माल अस्वीकृत होने की सूचना के 30 दिवस पश्चात् बोलीदाता द्वारा विभागीय परिसर से माल नही ले जाने पर विभाग को उसका निस्तारण करने हेतु पूर्ण अधिकार होगा। अस्वीकृत माल के संबंध में यथोचित सुरक्षा रखी जावेगी, लेकिन विभागीय परिसर में ऐसे अस्वीकृत माल की क्षति, कमी, घाटा, नाश, टूट–फूट, हानि होने पर विभाग किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होगा।

iv. बोलीदाता द्वारा परिशिष्ठ 'स' में अंकित स्पेसिफिकेशन के अनुसार ही बोली प्रस्तुत की जावेगी। अन्य स्पेसिफिकेशन के आधार पर प्रस्तुत बोली निरस्त कर दी जावेगी।

**5. निरीक्षण :–**

i. वस्तुओं की सप्लाई प्राप्ति के समय यह सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण व जांच की जावेगी कि वे निर्धारित स्पेसिफिकेशन के अनुरूप है या नहीं।

ii. रद्द करना :– निरीक्षण या परीक्षण के दौरान जो वस्तुएँ अनुमोदित नही की जायेगी उन्हें रद्द किया जावेगा तथा बोलीदाता द्वारा क्रय आदेश में निर्धारित सप्लाई अवधि में ही स्वयं की लागत पर उन्हें बदला जावेगा।

**6. माल की आपूर्ति :–**

i. बोलीदाता सप्लाई के समय प्रिन्टिंग मेटेरियल की उचित पैकिंग करने के लिए उत्तरदायी होगा ताकि परिवहन की स्थिति में उनमें कोई क्षति न हो तथा गन्तव्य स्थल पर माल की सुपुर्दगी अच्छी दशा में प्राप्त हो सके।

ii. परिवहन के लिए उपापन संस्था द्वारा अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जाएगा।

iii. जिस बोलीदाता की बोली स्वीकार की जाऐगी यह बोली सूचना एवं प्रपत्र में दिये गये निर्देशों के अनुसार सप्लाई अवधि में माल की सप्लाई करेगा। सप्लाई अवधि, विभाग द्वारा जारी सप्लाई आदेश की दिनांक में दिये गये निर्देशानुसार आयोजित होने वाले कार्यक्रम से 2 दिवस पूर्व निर्धारित स्थान पर लगाना होगा।

iv. फर्म निर्धारित समयावधि में यदि सामान की आपूर्ति करने में असफल रहती है तथा निर्धारित अवधि पूर्ण होने से पूर्व ही सप्लाई अवधि बढ़वाना चाहती है तो उसे उन बाधाओं का उल्लेख करते हुए जिनके कारण सप्लाई अवधि बढ़वाई जा रही है, लिखित में आवेदन करना होगा। सक्षम प्राधिकारी द्वारा सप्लाई अवधि बढाने या नहीं बढ़ाने का निर्णय लिया जावेगा।

v. निर्धारित की गई प्रदायगी अवधि के बराबर अवधि तक परिनिर्धारित क्षति सहित या रहित, प्रदायगी अवधि में अधिकतम अभिवृद्धि की जा सकती है। ऐसे प्रकरणों के गुणावगुण के आधार पर संज्ञान में लाई गई बाधाओं से संतुष्ट होने पर सक्षम प्राधिकारी सप्लाई अवधि आगे भी बढ़ा सकेंगे।

**7. माल एवं सेवाएँ :–**

i. यदि उपापन संस्था परिस्थितियों में परिवर्तन के कारण कोई माल/सेवा का उपापन नही करती है या विनिर्दिष्ट मात्रा से कम उपाप्त करती है तो बोली लगाने वाला किसी भी दावे या प्रतिकर का हकदार नहीं होगा।

ii. यदि मूल आदेश खुली प्रतियोगी बोलियां आमंत्रित करने के पश्चात् दिया गया है तो अतिरिक्त मदों या अतिरिक्त मात्रा के लिए पुनरादेश संविदा में दी गई दरों और शर्तों पर दिये जा सकेंगे। प्रदायगी या कार्य पूर्ण करने की अवधि भी आनुपातिक रूप से बढ़ाई जा सकेगी। पुरादेश किसी भी स्थिति में मूल संविदा के माल या सेवाओं के मूल का 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा।

iii. अन्तिम प्रदायगी समाप्त होने की दिनांक से एक माह के बाद प्रदायगी के लिए पुनरादेश नहीं दिये जायेंगे। यदि बोलीदाता ऐसी सप्लाई करने में असमर्थ रहता है तो विभाग सामान की सप्लाई की व्यवस्था सीमित बोली द्वारा या अन्य प्रकार से करने के लिए स्वतंत्र होगा तथा जो भी अतिरिक्त लागत आएगी उसकी वसूली बोलीदाता से की जायेगी।

**8. करार :–**

i. सफल बोलीदाता को बोली स्वीकृति के पत्र की दिनांक से अधिकतम 15 दिवस में एक करार पत्र निष्पादित करना आवश्यक है। अनुबन्ध करार के पश्चात् आपूर्ति आदेश दिवा जावेगा। करार पत्र के निर्धारित प्रारूप में एवं निर्धारित अवधि में अनुबंध निष्पादन नही करने पर बोली निरस्त योग्य मानी जायेगी।

ii. बोलीदाता द्वारा निर्धारित प्रारूप में राशि रूपये 500/- मूल्य के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर एक करार पत्र निष्पादित करना होगा।

**9. कार्य संपादन प्रतिभूति राशि :–**

1. **कार्य सम्पादन प्रतिभूति** : कार्य सम्पादन प्रतिभूति की अभ्यर्थना राज्य सरकार के विभागों और ऐसे उपक्रमों, निगमों, स्वायत्त निकायों, रजिस्ट्रीकृत सोसाइटियों, सहकारी सोसाइटियों जो राज्य सरकार के स्वामित्व या नियंत्रण या प्रबन्ध में हो और केन्द्रीय सरकार के उपक्रमों के सिवाय समस्त सफल बोली लगाने वालों से ली जायेगी। तथापि, उनसे एक कार्य सम्पादन प्रतिभूति घोषणा ली जायेगी। राज्य सरकार किसी विशिष्ठ उपापन या उपापन के किसी प्रवर्ग के मामले में कार्य सम्पादन प्रतिभूति के उपबंध को शिथिल कर सकेगी।
2. यदि सफल बोलीदाता उस आईटम के लिए राजस्थान के सूक्ष्म एवं लघु उद्यम के बतौर जो उधोग विभाग, राजस्थान, जयपुर द्वारा उद्यमिता ज्ञापन। अभिस्वीकृति अथवा उद्योग आधार मेमोरेण्डम प्राप्त किए हुए हो तो उस वस्तु की लागत मूल्य के 0.5 प्रतिशत के बराबर कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि जमा कराई जावेगी।
3. सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों से भिन्न रूग्ण उद्योगों जिनके मामले औधौगिक और वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड के समक्ष लम्बित है, के मामले में वस्तु की लागत मूल्य के 1 प्रतिशत के बराबर होगी।
4. सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के अलावा अन्य सफल बोलीदाता द्वारा उस वस्तु के लागत मूल्य के पाँच प्रतिशत (5 प्रतिशत) के बराबर कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि जमा कराई जावेगी।
5. इस राशि पर विभाग द्वारा ब्याज का भुगतान नहीं किया जाऐगा।

6. कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि अतिरिक्त महानिदेशक, जवाहर कला केन्द्र, के नाम से निम्न रूप में दी जा जकेगी :–

(क) ''ई.जी.आर.ए.एस. के माध्यम से जना''

(ख) किसी अनुसचित बैंक के बैंक ड्राफ्ट या बैंकर द्वारा।

(ग) राष्ट्रीय बचत पत्र और राजस्थान में किसी डाकघर द्वारा अल्प बचत के प्रोन्नयन के लिए राष्ट्रीय बचत स्कीमों के अधीन जारी कोई अन्य स्क्रिप्ट/लिखित यदि वह सुसंगत नियमों के अधीन बंधक रखी जा सकती हो। बोली के समय वे उसके समर्पण मूल्य पर स्वीकार की जायेगी और मुख्य डाकपाल के अनुमोदन से औपचारिक रूप से उपापन संस्था के नाम अंतरित की जायेगी।

(घ) किसी अनुसूचित बैंक की गारंटी/गारंटियां जो जारी करने वाले बैंक से सत्यापित करायी जायेगी।

(ड) किसी अनुसूचित बैंक की नियम जमा रसीद (एफडीआर)।

यह बोली लगाने वाले के खाते से उपापन संस्था के नाम जारी होगी और बोव (लगाने से उपापन संस्था के नाम जारी होगी और बोली लगाने वाले द्वारा अग्रिम रूप से उन्मोचित की जायेगी। उपापन संस्था नियत जमा रसीद को स्वीकार करने के पूर्व यह सुनिश्चित करेगी कि बोली लगाने वाला बैंक की ओर से उपापन संस्था को संबंधित बोली लगाने वाले की सहमति की अपेक्षा के बिना, नियत जमा रसीद की मांग पर संदाय/समयपूर्व संदाय करने का वचन जमा FDR ऐसी नियत जमा पर अर्जित व्याज के साथ समपहत की ली जायेगी।

(च) खण्ड 'ख' से 'ड़' के प्रारूप में विनिर्दिष्ट कार्य सम्पादन प्रतिभूति वारन्टी बाध्यताओं और रखरखाव और दोष दायित्व कालावधि को सम्मिलित करते हुए बोली लगाने वाले की समस्त संविदांत बाध्यताओं के पूरा होने की तारीख से परे 60 दिवस की कालावधि के लिए विधि मान्य रहेगी।

**अन्य शर्ते एवं प्रावधान आर.टी.पी.पी. नियम 2013 के नियम 75 के अनुसार लागू होंगे।**

7. संविदा/अनुबंध के सन्तोषजनक रूप से पूर्ण कर दिये जाने के बाद या गारन्टी अवधि (यदि कोई हो तो) की समाप्ति के बाद, जो भी बाद में हो, तथा इससे सन्तुष्ट हो जाने पर कि बोलीदाता के विरूद्ध कोई देय बकाया नही है, निम्न अवधि अनुसार कार्य सम्पादन प्रतिभूति का प्रतिदाय किया जाएगा।

8. कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशिः कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि का निम्नांकित मामलों में समपहरण पूर्ण या आंशिक रूप से किया जाएगा:–

(क) जब संविदा की शर्तों का उल्लंघन किया गया हो।

(ख) जब बोलीदाता सम्पूर्ण सप्लाई सन्तोषजनक ढंग से करने में असफल रहा हो।

(ग) जब बोलीदाता सप्लाई आदेश के अनुसार निर्धारित सप्लाई अवधि में माल की सप्लाई आरम्भ करने में असफल रहता हो। सुरक्षा राशि में समपहरण करने के मामलों में युक्तियुक्त समय पूर्व नोटिस दिया जाएगा। इस संबंध में उपापन संस्था का निर्णय अंतिम होगा।

**10. भुगतान :–**

